लोक सभा अध्यक्ष द्वारा बेलग्रेड में आईपीयू की 141वीं बैठक में 'शासन के संबंध में अध्यक्षीय संवाद' में प्रतिभागिता

...

कैंप कार्यालय – बेलग्रेड 15 अक्तूबर, 2019

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल वर्तमान में बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित की जा रही अंतर संसदीय संघ की 141वीं बैठक में भाग ले रहा है।

श्री बिरला ने राजनीतिक विचारों के आदान-प्रदान के लिए एक उच्च स्तरीय आईपीयू मंच, 'शासन के संबंध में अध्यक्षीय संवाद' में भाग लिया। उन्होंने विकास और अर्थव्यवस्था पर अध्यक्षीय संवाद के ब्रेक आउट सत्र पर एक वक्तव्य दिया। भारत की विकास गाथा और विभिन्न महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतकों के संबंध में इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने प्रभावी रूप से विकास और अर्थव्यवस्था के मुद्दों पर भारतीय परिप्रेक्ष्य को रखा। डॉ. शशि थरूर, संसद सदस्य को सुरक्षा संबंधी अध्यक्षीय संवाद के दूसरे ब्रेक-आउट सत्र में एक पैनलिस्ट के रूप में भी आमंत्रित किया गया। राउंड टेबल के बाद, एक परिणामी दस्तावेज को बैठक के विचार के लिए प्रस्तुत करने हेतु तैयार किया गया।

बैठक की कार्यवाही भारत द्वारा प्रस्तावित जलवायु परिवर्तन संबंधी आपातकालीन मद पर प्रतिभागी देशों द्वारा की गई चर्चा से प्रारंभ हुई। युगांडा, भूटान, फिजी, चिली, बांग्लादेश, ब्राजील आदि जैसे कई देशों ने चर्चा में भाग लिया और जलवायु परिवर्तन पर आपातकालीन मद के रूप में संकल्प लाने के लिए भारत की पहल की सराहना की। चर्चा का समापन करते हुए डॉ. शशि थरूर, संसद सदस्य और भारतीय शिष्टमंडल के सदस्य ने जलवायु परिवर्तन पर भारत के प्रस्ताव की तत्काल आवश्यकता और औचित्य पर प्रकाश डाला। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देशों से नेतृत्व करने का आग्रह करते हुए, उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

बैठक के दौरान, श्री बिरला ने ईरान की संसद के अपने समकक्ष से भी भेंट की। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हित के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

श्री राम कुमार वर्मा, संसद सदस्य; सुश्री कनिमोझी करुणानिधि, संसद सदस्य; और श्री सस्मित पात्रा, संसद सदस्य ने आईपीयू की 130वीं वर्षगांठ के अवसर पर बैठक के विशेष सत्र में भाग लिया।

डॉ. भारतीबेन धीरूभाई श्याल, संसद सदस्य ने स्वास्थ्य पर आईपीयू सलाहकार समूह की बैठक में भाग लिया।

शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति ने 'एक परमाणु हथियार-मुक्त विश्व' पर आईपीयू के पहले के संकल्प के अनुवर्तन में एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। सुश्री कनिमोझी करुणानिधि, संसद सदस्य ने इस पैनल चर्चा में भाग लिया।

शांति और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी स्थायी समिति ने धन शोधन के अपराधीकरण विषय पर एक पैनल चर्चा का भी आयोजन किया। सुश्री शोभा कारान्दलाजे, संसद सदस्य ने इस पैनल चर्चा में भाग लिया।

श्री सस्मित पात्रा, संसद सदस्य ने जलवायु परिवर्तन से संबंधित आपातकालीन मद पर प्रारूपण समिति की बैठक में भाग लिया।

श्रीमती वानसुक साइम, संसद सदस्य ने संयुक्त राष्ट्र के बाल अधिकार अभिसमय, उपलब्धियां और चुनौतियां – भविष्य की राह पर संसदीय परिपेक्ष्य विषय संबंधी कार्यशाला में भाग लिया।

श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, महासचिव, लोकसभा और श्री देश दीपक वर्मा, महासचिव, राज्यसभा ने एसोसिएशन ऑफ दि सेक्रेटरीज जनरल ऑफ पार्लियामेंट्स (एएसजीपी) के सत्रों में भाग लिया।